Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 77 ◘ रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

लग्जरी कार में घूम-घूमकर चेन स्नैचिंग, भीड़भाड़ वाली जगहों पर लोगों को बनाते थे निशाना

7 महिलाओं का गैंग और ड्राइवर गिरफ्तार

रायपुर, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में लग्जरी वाहन से घूम-घूमकर चेन स्नैचिंग करने वाले शातिर महिलाओं के एक गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह गैंग छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में वारदातों को अंजाम देते थे. सभी आरोपी महिलाएं आपस में रिश्तेदार हैं. पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की जा रही कार के ड्राइवर को भी हिरासत में ले लिया है.

गिरफ्तार आरोपी संध्या सकटे, सोनिया हातागले, साखरा बाई, ज्योति सकटे, सरिता ज्वरे, सपना हातागले और अभय हातागले सभी निवासी राजेन्द्रनगर इंदौर शामिल हैं. एक आरोपी उज्वाला हातागले जलगांव महाराष्ट्र की है. यह गिरोह गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और

छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों के बाजारों, भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेन स्नैचिंग करते आ रहे थे. इसके बाद वह सोने की चेनों को जलगांव सराफा में बेच देती थीं. इनके कब्जे से एक चेन, साढ़े 10 हजार कैश, कटर, चार मोबाइल फोन और इनोवा एसयूवी एम पी/09/बी पी/1064 जब्त की गई है।

डीडी नगर थाने में तरूणेन्द्र वर्मा ने 8 अप्रैल की शाम अपनी मां निर्मला वर्मा के गले से चंगोराभाटा बाजार में चेन लूटने की रिपोर्ट लिखाई थी. 26 मार्च को रायपुर बाजार में भी एक महि ला के गले से चेन खींची गई थी. गैंग के पकड़े जाने के बाद शुभम विहार डीडी नगर निवासी कुमारी निषाद 60 वर्ष ने भी लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई. वहीं गोलबाजार में भी कुछ दिनों पहले चेन स्नैचिंग की घटना हुई थी।

रायपुर डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला ने बताया कि चेन स्नैचिंग की शिकायतों के मद्देनजर बनाई गई 15 सदस्यीय टैप पार्टी को सफलता मिली है. सभी आरोपी रिश्तेदार हैं. आरोपियों ने थाना सरस्वती नगर, खमतराई, कोतवाली, गोलबाजार और डीडी नगर क्षेत्र में एक दर्जन चेन स्नैचिंग की जानकारी दी है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए पहुंचे पाकिस्तान, ट्रंप का सख्त संदेश-'खेल हुआ तो मिलेगा कड़ा जवाब'

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ अहम शांति वार्ता के लिए शनिवार को पाकिस्तान पहुंचे। इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करना है। वेंस के नूर खान एयरबेस पहुंचने पर पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने उनकी अगवानी की। वेंस के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर भी हैं। उन्होंने पाकिस्तान रवाना होने से पहले कहा था कि वह वार्ता को लेकर आशान्वित हैं और उम्मीद करते हैं कि यह सकारात्मक रहेगी।

वेंस ने विमान में सवार होने से पहले कहा था, जैसा कि (अमेरिका के) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरानी अच्छी नीयत से बातचीत करने को तैयार हैं तो हम सहयोग का हाथ बढ़ाने के लिए निश्चित रूप से तत्पर हैं लेकिन अगर वे हमारे साथ खेल खेलने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें पता चलेगा कि वार्ता

करने वाली टीम इतनी भी सहयोगी नहीं है। ईरानी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ वार्ता के लिए शनिवार तड़के पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचा। दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम की उम्मीद के साथ दुनिया भर की नजरें इस वार्ता पर टिकी हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा करते हुए कहा था कि अमेरिका और ईरान इस्लामाबाद में वार्ता करेंगे। उन्होंने एक्स पर जारी अपना वक्तव्य अमेरिका और ईरान के राष्ट्रपतियों को भी टैग किया था। शहबाज शरीफ ने इस वार्ता के लिए पहल की और दो हफ्ते के युद्धविराम की घोषणा की थी। पाकिस्तान खुद को एक मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है और क्षेत्र में शांति बहाल करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत करेंगे। लेकिन पाकिस्तान, जिस पर लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं, अब खुद को एक शांति मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों को पनाह देने के आरोप लगे हैं। ऐसे में जब वही देश अब शांति वार्ता का मंच तैयार कर रहा है, तो उसकी नीयत पर सवाल उठना स्वाभाविक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम पाकिस्तान की इमेज सुधार रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

ब्रेकिंग न्यूज

छगन भुजबल के साथ बड़ा हादसा, हेलीपैड की जगह कार पार्किंग में लैंड हुआ हेलिकॉप्टर

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में आज बड़ा हादसा टल गया. यहां कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के दौरान बड़ी चूक हो गई. पायलट ने निर्धारित हेलीपैड की बजाय हेलीकॉप्टर को सीधे कार पार्किंग एरिया में उतार दिया. जानकारी के मुताबिक, मंत्री छगन भुजबल पुणे जिले के पुरंदर तालुका स्थित खानवाड़ी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. यह कार्यक्रम ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था. कार्यक्रम के लिए पहले से ही एक अलग स्थान पर हेलीपैड तैयार किया गया था ताकि हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग हो सके. हालांकि, जब हेलिकॉप्टर खानवाड़ी पहुंचा तो पायलट ने कार पार्किंग क्षेत्र में खाली जगह देखकर उसे ही हेलीपैड समझ लिया और वहीं लैंडिंग कर दी. इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई, क्योंकि यह निर्धारित स्थान नहीं था।

पश्चिम एशिया तनाव के बीच विदेश सचिव का पेरिस-बर्लिन दौरा, ऊर्जा-रक्षा पर अहम चर्चा

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री तीन दिवसीय यूरोप दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान वे फ्रांस की राजधानी पेरिस और जर्मनी की राजधानी बर्लिन में उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरे में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। खासतौर पर पश्चिम एशिया संकट का ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ने वाला असर वार्ता का प्रमुख विषय रहेगा। पेरिस में विक्रम मिस्री, फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में रक्षा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, अंतरिक्ष, साइबर, डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी।

बिरादरी की बात

चूहा- नीतिश कुमार अब राज्यसभा सांसद बन गए हैं।
चुहिया- हां जी, अब आराम दायक कुर्सी में झूला झूलेंगे।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, पेंशनर्स और कर्मचारियों में भेदभाव खत्म करेगी सरकार, मिलेगा बराबर का भत्ता

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हित में एक बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि महंगाई भत्ता बढ़ाते समय राज्य सरकारें नौकरी कर रहे कर्मचारियों और रिटायर हो चुके पेंशनभोगियों के बीच कोई फर्क नहीं कर सकतीं। यह विवाद साल 2021 में तब शुरू हुआ जब केरल सरकार और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पेंशनभोगियों को कम महंगाई राहत देने का निर्णय लिया। उस समय काम कर रहे कर्मचारियों को 14 प्रतिशत डीए दिया गया, जबकि पेंशनर्स को मात्र 11 प्रतिशत डीआर थमा दिया गया। केरल सरकार ने कोर्ट में दलील दी कि वित्तीय संकट के कारण वे दोनों वर्गों को समान भुगतान नहीं कर सकते और यह उनका एक पॉलिसी मैटर (नीतिगत मामला) है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने सरकार की सभी दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया।

मुस्कुराए, हाथ जोड़े और की बातचीतः संसद भवन परिसर में पीएम मोदी और राहुल गांधी की मुलाकात

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज संसद भवन परिसर में एक दूसरे से मुलाकात की है। ये मौका था महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का, इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और मुस्कुराते हुए काफी देर तक चर्चा करते नजर आए। बता दें कि, प्रेरणा स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच काफी देर तक बातचीत भी हुई है। करीब 1 मिनट 30 सेकेंड के वीडियो में दोनों नेता आपस में बातचीत करते नजर आए।

रायपुर में जीजा ने किया साले का मर्डर

रायपुर, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से हत्या का मामला सामने आया है। यहां 150 रुपए के शराब विवाद में जीजा ने अपने ही साले को जान से ले ली। ये पूरा मामला उरला थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, 8 मार्च को आरोपी गोप सिंह अपने साले घनश्याम के साथ सिल्तरा दुकान में शराब पीने गए थे। गोप सिंह ने घनश्याम को 150 रुपए देकर शराब लाने भेजा। उसी पैसे से खरीदे शराब को घनश्याम अकेले पी गया, जिसके बाद गोप सिंह ने मर्डर का प्लान बना डाला। अगले दिन यानी 9 अप्रैल को दोनों नहाने के लिए खारुन नदी गए। जहां आरोपी ने गमछे में गले घोंटकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि जीजा और साला पालसीपानी कोमा खान के हैं। वह कुम्हारी के

ईंट भट्ठे में काम करते थे। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

चुनाव से पहले बंगाल में बड़ी कार्रवाईः एसएससी घोटाले में फिर घिरे पार्थ चटर्जी, ईडी की कोलकाता में ताबड़तोड़ रेड

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी से जुड़े ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई शिक्षक भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले (पीएमएलए केस) में की जा रही है। ईडी की टीम कोलकाता में दो जगहों पर तलाशी अभियान चला रही है। इनमें एक जगह पार्थ चटर्जी का घर है, जबकि दूसरी जगह प्रसन्ना कुमार रॉय का दफ्तर है, जो इस मामले में पहले से ही जेल में बंद हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह छापेमारी शिक्षक भर्ती घोटाले में पैसों के लेन-देन और उससे जुड़े सबूत जुटाने के लिए की जा रही है। जांच एजेंसी ने बताया कि

पार्थ चटर्जी को स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) भर्ती घोटाले में जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए तीन बार समन भेजा गया था, लेकिन उन्होंने एक बार भी हाजिर नहीं हुए। इसके बावजूद वे लगातार पूछताछ से बचते रहे। इससे पहले ईडी ने जुलाई 2022 में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार भी किया था। बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से फरवरी-मार्च 2025 में सशर्त जमानत मिली थी। हालांकि, उनके खिलाफ अलग-अलग भर्ती मामलों, जैसे प्राथमिक शिक्षक, एसएससी असिस्टेंट टीचर और ग्रुप सी और डी स्टाफ की भर्ती, को लेकर ईडी के कई केस अभी भी चल रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह छापेमारी जांच का हिस्सा है और आगे और खुलासे होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह भारी केंद्रीय बलों के साथ ईडी की टीम नाकतला पहुंची। माना जा रहा है कि स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले के मामले में चुनाव से पहले उनसे दोबारा पूछताछ की जा सकती है।

बदल गई सीएम की गाड़ी, फार्च्यूनर की जगह अब विशुद्ध हिन्दुस्तानी 'स्कॉर्पियो' की कर रहे सवारी

रायपुर, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का काफिला आज जब प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे तो बहुत से पदाधिकारी और कार्यकर्ता आश्चर्य में पड़ गए. दरअसल, सीएम साय के काफिले में टोयोटा फार्चूनर की जगह नई नवेली स्कार्पियों नजर आ रही थी. करीबन ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री को नई गाड़ी में देख लोग उत्सुकतावश गाड़ी के संबंध में पूछताछ भी करने लगे।

दरअसल, मुख्यमंत्री साय के अब तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

बघेल के कार्यकाल में खरीदी गई फार्चूनर का ही इस्तेमाल कर रहे थे. इसके स्थान पर अब स्कार्पियो का इस्तेमाल करेंगे. ऐसी एक नहीं बल्कि सीएम के काफिले में छह नई स्कार्पियो को शामिल किया गया है. सीएम साय बुलेटप्रूफ स्कार्पियों में सवारी करेंगे। इस बदलाव पर भाजपा नेताओं और मीडिया की उत्सुकता को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि गाड़ियां पुरानी हो गई थी. उसे चेंज करने का प्रयास कर रहे थे. कभी-कभी भी बंद हो जाती थी, इसलिए आज बदलाव किए हैं।

कपोला ने दिखाए चांद के रहस्यमय नजारे, 7 हजार तस्वीरों के साथ धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (न्यूज चैनल)। चंद्रमा का ऐतिहासिक चक्कर लगाकर लौटे आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्री अपने साथ 7,000 से ज्यादा शानदार तस्वीरें लेकर पृथ्वी पर लौटे हैं। इस मिशन को खास बनाने में जिस तकनीक ने अहम भूमिका निभाई, वह था कपोला मॉड्यूल, जिसने अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा और पृथ्वी के अद्भुत नजारे दिखाए।

करीब 10 दिनों की इस यात्रा के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा के पास से गुजरते हुए उसकी सतह, गड्ढों, लावा प्रवाह और अंतरिक्ष के

दुर्लभ दृश्यों को कैमरे में कैद किया। अर्थराइज और अर्थसेट जैसे दृश्य, सूर्य ग्रहण और मिल्की वे गैलेक्सी के नजारे भी इसी मॉड्यूल के जरिए देखे और रिकॉर्ड किए गए। कपोला दरअसल इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का एक छोटा लेकिन बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे अंतरिक्ष में बाहर के दृश्यों को देखने और मॉनिटरिंग के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें कुल सात खिड़कियां होती हैं, छह किनारों पर और एक नीचे की ओर जो अंतरिक्ष का पैनोरमिक व्यू देती हैं।

इन खिड़कियों पर विशेष शटर लगे होते हैं, जो उन्हें अंतरिक्ष मलबे और सूक्ष्म उल्कापिंडों से सुरक्षित रखते हैं। यही वजह है कि अंतरिक्ष यात्री यहां से सुरक्षित रहते हुए शानदार तस्वीरें ले पाते हैं। कपोला सिर्फ दृश्य देखने के लिए ही नहीं, बल्कि तकनीकी कामों के लिए भी अहम है। इसमें रोबोटिक वर्कस्टेशन लगा होता है, जिसकी मदद से अंतरिक्ष यात्री रोबोटिक आर्म को नियंत्रित करते हैं। इसके जरिए अंतरिक्ष यानों को जोड़ना, पकड़ना और स्पेस स्टेशन के बाहर के कार्य करना संभव होता है। कपोला को अंतरिक्ष यात्रियों का सबसे पसंदीदा हिस्सा माना जाता है, क्योंकि यहां से पृथ्वी एक विशाल खिड़की की तरह दिखाई देती है। यही मॉड्यूल अंतरिक्ष मिशनों को सिर्फ वैज्ञानिक नहीं, बल्कि अनुभव के स्तर पर भी यादगार बनाता है। आर्टेमिस-।। मिशन में इस मॉड्यूल की मदद से ली गई हजारों तस्वीरें न सिर्फ वैज्ञानिक शोध में मदद करेंगी, बल्कि अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की दिशा में भी एक बड़ा योगदान साबित होंगी।

कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष की सूची निरस्त होने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का तंज, कहा- आपस में ही लड़कर खत्म हो रही है कांग्रेस

रायपुर, 11 अप्रैल (हाईवे चैनल)। रायपुर कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों की सूची को निरस्त किए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कांग्रेस-कांग्रेस खेल रही है. आपस में ही लड़कर कांग्रेस समाप्त हो रही है. जनता भी चाहती है, कांग्रेस न रहे तो ही अच्छा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस के बयान पर कहा कि हर एक मामले में कांग्रेस का घिसापिटा मामला है. देश में कहीं न कहीं चुनाव है. 75 साल महिलाओं को उनके वाजिब अधिकार से वंचित रखा. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनका अधिकार मिलने जा रहा है. देश की जनता सशक्त हो, ये कांग्रेस कभी अच्छा चाहती नहीं है. देश में चुनाव होते रहता हैं. जनता को जवाब देना पड़ेगा. वहीं पश्चिम बंगाल में चुनाव को लेकर अरुण साव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आम जनता परेशान है. वहां कानून का राज नहीं है. भाजपा ने घोषणा पत्र जारी किया है. आम जनता के बेहतरी और खुशहाली के लिए घोषणा पत्र जारी किया है. पश्चिम बंगाल में परिवर्तन होने जा रहा है।